महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ बजट प्रस्तुत किया गया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बजट बैठक आज महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। नगर निगम भिलाई के प्रभारी आयुक्त/सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे द्वारा महापौर परिषद के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में महापौर नीरज पाल को बजट विचारर्थ हेतु प्रस्तुत किया गया। दिनांक 20.03.2025 को समय 12 बजे महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा आयुक्त के उपस्थिति में आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट पर संबंधित अधिकारियो की उपस्थिति में चर्चा की जायेगी। महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, मन्नान गफ्फार खान, इंजीनियर सरमान, श्रीमती नेहा साहू, मालती ठाकुर, निगम के लेखाधिकारी चन्द्रभूषण साहू, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर, अनिल सिंह, रवि सिन्हा, संजय अग्रवाल, अरविंद शर्मा, सुनील जैन, राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्थापना प्रभारी श्रीमती रीता चतुर्वेदी, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, उपअभियंता बसंत साहू, देवराज राजपूत, प्रकाश गढपाले आदि उपस्थित रहे।